संख्या–cm-139
14/04/2022

भारत रत्न बाबा साहब डॉ0 भीमराव अम्बेडकर जी की जयंती के अवसर पर मुख्यमंत्री ने भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की

पटना, 14 अप्रैल 2022 :– आज भारत रत्न बाबा साहब डॉ0 भीमराव अम्बेडकर जी की जयंती के अवसर पर पटना हाई कोर्ट के समीप आयोजित राजकीय समारोह में मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने बाबा साहब की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री श्री तारकिशोर प्रसाद, भवन निर्माण मंत्री श्री अशोक चौधरी, उद्योग मंत्री सैयद शाहनवाज हुसैन, पथ निर्माण मंत्री श्री नितिन नवीन, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण मंत्री श्री रामप्रीत पासवान, खान एवं भूतत्व मंत्री श्री जनक राम, अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति कल्याण सह लघु जल संसाधन मंत्री श्री संतोष कुमार सुमन, सांसद श्री रामकृपाल यादव, पूर्व मंत्री सह विधायक श्री नन्द किशोर यादव, विधायक श्री संजीव चौरसिया, विधान पार्षद श्री सी0पी0 सिन्हा, विधान पार्षद श्री संजय कुमार सिंह उर्फ गांधीजी, राज्य खाद्य आयोग के अध्यक्ष श्री विद्यानंद विकल, बिहार राज्य नागरिक परिषद् के पूर्व महासचिव श्री अरविंद कुमार सहित कई अन्य गणमान्य व्यक्तियों, सामाजिक एवं राजनीतिक कार्यकर्ताओं ने भी बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर जी की आदमकद प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

इस अवसर पर सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग के कलाकारों द्वारा आरती पूजन, भजन, बिहार गीत एवं देशभक्ति गीतों के कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये।

कार्यक्रम के पश्चात् पत्रकारों से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने कहा कि बाबा साहब डॉ0 भीमराव अम्बेडकर जी की जयंती के अवसर पर उन्हें आज यहां नमन करने आए हैं। बाबा साहब का देश के लिए महत्वपूर्ण योगदान है। उनकी न सिर्फ संविधान के निर्माण में ही महत्वपूर्ण भूमिका है बल्कि समाज के सभी वर्गों के उत्थान में भी बड़ी भूमिका है, जिसे सदैव याद रखा जाएगा। नई पीढ़ी को इनके बारे में जानना बहुत आवश्यक है।

बढ़ती गर्मी और ए0ई0एस0 से जुड़े प्रश्न पर मुख्यमंत्री ने कहा कि इस बार गर्मी बहुत ज्यादा पड़ रही है, फिर भी इस गर्मी में लोगों के बीच हम घूम रहे हैं। ए0ई0एस0 के लिए सभी स्तर पर अलर्ट कर दिया गया है। डॉक्टर और प्रशासन इसको लेकर पूरी तरह सतर्क हैं। लोगों को भी अलर्ट किया जा रहा है। ए0ई0एस0 से किसी प्रकार की लोगों को परेशानी न हो इसको लेकर हमलोगों ने पूरी तरह से तैयारी कर ली है।

****